NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DECCAN HERALD, Bengaluru, 24.10.2024
Page No. 9, Size:(32.57)cms X (9.79)cms.

# End caste discrimination, not caste data

SHRUTIKA PANDEY AND SIDDHARTH LAMBA

On October 3, the Supreme Court of India passed a landmark judgement declaring provisions in state prison rules that reinforced caste-based work allocations and segregation of prisoners unconstitutional. In a welcome move, the SC ruled that such provisions and practices violate the fundamental rights to equality and life (Articles 14 and 21) and against discrimination, untouchability, and forced labour (Articles 15, 17, and 23). It directed the revision of state prison manuals, some as old as 1954, and the recent Model Prison Manual 2016 and the Model Prison Act 2023 framed by the Union Government. The court also directed the District Legal Services Authority and the Board of Visitors to monitor prisons for caste-based practices.

However, in the same vein, the Court also directed the deletion of the "caste column" and any references to caste in prison records. This directive will erase caste demographics from the criminal justice system—a crucial tool for understanding and addressing such disparities in prisons, as the prison population is the sole public dataset containing caste information.

The Court was adjudicating a petition by Sukanya Shantha, a journalist who uncovered evidence of caste-based segregation and work allocation in Indian prisons. Her report found that prison manuals assigned oppressed caste prisoners menial roles of sweeping and cleaning sewers. In contrast, the oppressor caste prisoners had more meaningful roles in kitchens, medical rooms, and offices. Her petition challenged the constitutionality of these offending provisions.

According to the National Crime Records Bureau's Prison Statistics of India 2022, Scheduled Castes account for 22.4% of the prison population, against a 16.6% share in the general population per the 2011 census. Similarly, Scheduled Tribes, representing just 8.6% of the general population, constitute 11% of those incarcerated. These figures expose a harsh truth: caste-based disparities extend beyond society, seeping into the criminal justice system, where they remain entrenched through institutional inequities.

Since 1995, the NCRB has reported annual prison statistics collected from the prison headquarters of all states and Union Territories. Deletion of caste columns from prison registers will mean that there will be no public record of the caste demography of prisoners. It is important to note that the prison population is the only dataset that records caste demographics. Such information is not systematically collected or maintained during the stages of arrest, remand, prison admission, bail, conviction, acquittal, etc.

Throughout the years, the data on prisoners' caste has consistently shown an over-representation of marginalised communities, except in 2016 and 2017, when NCRB did not report the caste and religion demography for reasons best known to them. This data serves as a stark reminder of an unsettling reality—the lowest group in the social hierarchy is more likely to face criminal charges and imprisonment.

The directive to erase all caste references in prison records will make caste invisible to policymakers but not to oppressive social forces, which don't rely on data to perpetuate. The erasure of this critical information risks obscuring the systemic inequalities in the justice system, perpetuating the very caste-based injustices that the judgement seeks to rectify.

The 148-page judgement fails to explain how such record deletion will contribute to dismantling caste-based practices within the prison system. By suggesting that caste be removed from records, the judgement oversimplifies the issue, implying that it can be detached from an individual's social reality. It neglects that caste is an ascriptive social identity deeply embedded in daily life, regardless of official documentation. For instance, caste-based surnames will continue to signify social hierarchies, reinforcing marginalisation across various contexts, including within prisons.

This directive threatens the record of caste demographics in prisons, as caste data is not merely an administrative detail but a crucial first step toward effective policy-making. Such statistics are vital for grasping the extent of caste-based criminalisation and the disproportionate impact of incarceration on marginalised communities. Without a clear picture of the problem, any attempts to promote equity and justice for marginalised groups will remain devoid of informed action.

Deleting castes from data records has a deep historical context, present in the very fabric of the oppressor caste's political agenda. B R Ambedkar's essay in *From Millions to Fractions* records this age-old struggle for caste enumeration of the untouchables. It records the origin of the "high caste Hindu" argument that listing of "untouchables" by the government will perpetuate untouchability. After almost a century-long struggle for social justice, the ruling party continues to ride on the same rhetoric that such enumeration will lead to social division and entrench hierarchies.

The SC direction to delete caste columns in prison data fares no better. Though the Chief Justice of India mentions 'Ambedkar' 42 times in the judgement to set the context of caste discrimination, it still, intentionally or not, slips in the political rhetoric that erasing records equals erasing casteism. It overlooks that the true goal of social justice is to guarantee equal status to all communities without needing to hide caste identities.

Making a case for accurate enumeration, Ambedkar writes, "If the Untouchables make no noise, the Hindu feels no shame for their condition and is quite indifferent as to their numbers. Whether there are thousands or millions of them, he does not care to bother."

*(Shrutika Pandey is a lawyer and researcher who works with iProbono India, running programmes to provide legal support to prisoners. Siddharth Lamba is a lawyer and researcher who works on criminal justice issues)*

DAILY EXCELSIOR, Jammu, 24.10.2024
Page No. 9, Size:(6.03)cms X (10.19)cms.



*Displaced Kashmiri Hindus submit memorandum to NHRC Chairperson at Jammu on Wednesday.*

# Delegation of displaced Kashmiri Hindus meets Chairperson NHRC

*Excelsior Correspondent*

JAMMU, Oct 23: A delegation of displaced Kashmiri Hindus here today met National Human Rights Commission (NHRC) Chairperson, Vijaya Bharti Siyani in the presence of Commission's DG Investigation, Ajay Bhatnagar.

The delegation was led by Dr. M.K Bharat, Chairman Sanjeevani Sharda Kendra and it submitted a memorandum containing 13 demands.

These demands included justice for the Kashmiri Hindus killed by terrorists, recognition of genocide and massacre of Kashmiri Hindus, their return to their native land with honour and security, rehabilitation, rebuilding of temples and pilgrimage sites, political representation, employment package, security of employees posted in Kashmir, suitable accommodation for employees posted in Kashmir, skill development schemes for KP youth, distress sale of property should be stopped and opening of Sharda Mata temple corridor.

The NHRC Chairperson assured that the demands of the community shall be positively recommended to the concerned quarters.

The delegation included Shiban Khaibari, Vikas Raina, Pyare Lal Bhat, Sandeep Pandita and Maharaj Krishan Bhat.

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DAINIK BHASKAR, Fazilka, 24.10.2024
Page No. 4, Size:(7.30)cms X (7.74)cms.

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने सरकारी अस्पताल का किया निरीक्षण

# साफ-सफाई, स्टाफ की कमी और सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं





फाजिल्का के सिविल अस्पताल की जांच करती राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम।

भास्कर न्यूज | फाजिल्का

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक टीम ने बुधवार को फाजिल्का के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। जिसमें कई गंभीर कमियां सामने आई हैं।

टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. एससी पंत ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल की सफाई व्यवस्था, स्टाफ की कमी, और सुरक्षा के अभाव को लेकर चिंता व्यक्त की। डॉक्टर पंत ने बताया कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य फाजिल्का के जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के योग्य बनाना है।

इस दिशा में अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, शौचालय और अन्य स्थानों का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। शौचालयों में गंदगी और अन्य स्थानों पर भी साफ-सफाई की कमी नजर आई। इसके साथ ही, अस्पताल में स्टाफ की भी कमी है, मरीजों की देखभाल और उपचार में बाधा डाल रही है।

डॉ. पंत ने कहा कि स्टाफ की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अस्पताल में सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल परिसर में कोई भी सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। डा. पंत ने कहा कि उनकी टीम इस निरीक्षण के आधार पर अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपेगी। रिपोर्ट में जहां-जहां कमियां पाई गई हैं, उनके सुधार के लिए सुझाव दिए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब फाजिल्का का सरकारी अस्पताल राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के लिए योग्य होगा, तब इसे यह प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के लिए छह महीने का समय निर्धारित किया गया है।

DAINIK BHASKAR, Muzafarpur, 24.10.2024
Page No. 8, Size:(10.73)cms X (16.81)cms.

# किडनी कांड : एनएचआरसी में अवमानना वाद दायर

**मुजफ्फरपुर**| झोलाछाप डॉक्टरों के कारण दोनों किडनी गंवाने से मरी सुनीता के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर किया गया है। मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने वाद दायर किया है। अधिवक्ता ने कहा कि सुनीता की मौत सरकार की लापरवाही का नतीजा है। आयोग ने सरकार को आदेश दिया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनीता की किडनी ट्रांसप्लांट कराने की दिशा में कदम उठाए। लेकिन, आयोग के आदेशों का पालन सरकार ने नहीं किया। इस कारण सुनीता को अपनी जान गंवानी पड़ी। सकरा की बरियारपुर निवासी सुनीता की मौत बीते 21 अक्टूबर को एसकेएमसीएच में हो थी। आयोग ने बीते अप्रैल में बिहार सरकार को आदेश दिया गया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनीता की किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कदम उठाए। अगले माह अवमाननावाद पर आयोग में सुनवाई हो सकती है। इसके बाद अधिवक्ता एसके झा स्थिति से आयोग को अवगत कराएंगे।

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DAINIK JAGRAN, Muzaffarpur, 24.10.2024
Page No. 4, Size:(5.37)cms X (7.78)cms.

# मानवाधिकार आयोग के पास पहुंचा सुनीता की मौत का मामला

## अधिवक्ता ने इस बार आयोग में दायर किया अवमाननावाद मानवाधिकार आयोग के आदेश का नहीं हुआ था पालन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : सिस्टम की शिकार होकर पहले अपनी किडनी और फिर जान गंवाने वाली सुनीता का मामला एक बार फिर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंचा है। अधिवक्ता एसके झा ने इस बार आयोग में अवमाननावाद दायर किया है। आरोप लगाया कि सिस्टम की जाल में फंसकर सुनीता की जान चली गई। दो साल में भी उसके लिए किडनी का इंतजाम नहीं हुआ।

इस मामले के आरोपी को पुलिस खोज नहीं पाई। अवमाननावाद पर अधिवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार मानवाधिकार के प्रति सजग नहीं है। आयोग ने सरकार को आदेश दिया गया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर एसकेएमसीच में भर्ती सुनीता को किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कदम उठाएं, लेकिन आयोग द्वारा दिए गए आदेश का पालन नहीं किया गया। सरकार समय पर सही तरीके से कदम उठाती तो सुनीता की जान बच सकती थी। कहा कि यह मामला रेयर है। झोलाछाप डाक्टर ने गर्भाशय के आपरेशन के नाम पर उसकी किडनी निकाल दी। उसके बाद वह लंबे समय तक एसकेएमसीएच में रही। किडनी का इंतजाम नहीं हो सका। उसका इलाज भी देश के बड़े अस्पताल में नहीं किया गया। 21 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। कहा कि इस मामले में वह सुनीता को न्याय दिलाने के लिए पहल कर रहे हैं। अब आयोग इस पर फिर से सुनवाई करेगा। उम्मीद है कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले को चिह्नित कर कार्रवाई होगी।

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DAINIK JAGRAN, Patna, 24.10.2024
Page No. 6, Size:(5.37)cms X (10.98)cms.

# आयोग के मानीटर ने वन स्टाप सेंटर का किया दौरा

**अधिकारियों ने महिला एवं बाल विकास निगम के 181 महिला हेल्पलाइन वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण**

जागरण संवाददाता, पटना : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मानिटर डा. योगेश दुबे ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास निगम के 181 महिला हेल्पलाइन वन स्टाप सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिला अधिकारों और सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के प्रयासों की समीक्षा की।

डा. दुबे ने पटना सभागार भवन में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में भी भाग लिया, जिसमें राज्य के 38 जिलों के केंद्र प्रशासक, जिला मिशन समन्वयक और जेंडर विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यशाला का विषय घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 था, जिसमें घरेलू हिंसा की रोकथाम और पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर, डा. दुबे ने प्रतिभागियों से मिशन शक्ति के कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों के बारे में जानकारी ली और वन स्टाप सेंटर पर प्राप्त शिकायतों की प्रकृति तथा समाधान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी मांगी।

वही डा दुबे ने महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी कोशिशों को और मजबूत करें।




वन स्टाप सेंटर में समाधान प्रक्रिया की जानकारी लेते राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मानीटर डा. योगेश दुबे ● जागरण

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

PRABHAT KHABAR, Muzaffarpur, 24.10.2024
Page No. 3, Size:(28.15)cms X (6.57)cms.

# सुनीता किडनी कांड मामले में एनएचआरसी में अवमानना वाद दायर

**मुजफ्फरपुर.** जिले के चर्चित किडनी कांड मामले में पीड़िता सुनीता की मौत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर किया गया है. यह वाद मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा के द्वारा दायर कराया गया है.कहा कि बिहार सरकार मानवाधिकार के प्रति सजग नहीं है. सुनीता की मौत सरकार की लापरवाही का नतीजा है. माननीय आयोग के द्वारा बिहार सरकार को आदेश दिया गया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर बिहार सरकार, पीड़िता सुनीता को किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कदम उठाये. लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया, जिस कारण सुनीता को अपनी जान गंवानी पड़ी. बता दें कि किडनी कांड की पीड़िता सुनीता की मौत 21 अक्तूबर को हो गयी थी.

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

HINDUSTAN, Muzaffarpur, 24.10.2024
Page No. 4, Size:(5.89)cms X (5.16)cms.

# मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर

## किडनी कांड

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। किडनी कांड पीड़िता सुनीता की मौत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर किया गया है। अधिवक्ता एसके झा ने अवमानना वाद में सरकार पर मानवाधिकार के प्रति सजग नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सुनीता की मौत लापरवाही का नतीजा है।

आयोग ने आदेश दिया था कि सुनीता की किडनी प्रत्यारोपित कराने की दिशा में उच्च प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाए जाएं। लेकिन, आयोग के आदेश का पालन नहीं हुआ। किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण बीते 21 अक्टूबर को एसकेएमसीएच में भर्ती सुनीता की मौत हो गई।

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DAILY EXCELSIOR, Jammu, 24.10.2024
Page No. 9, Size:(6.03)cms X (10.19)cms.



*Displaced Kashmiri Hindus submit memorandum to NHRC Chairperson at Jammu on Wednesday.*

# Delegation of displaced Kashmiri Hindus meets Chairperson NHRC

*Excelsior Correspondent*

JAMMU, Oct 23: A delegation of displaced Kashmiri Hindus here today met National Human Rights Commission (NHRC) Chairperson, Vijaya Bharti Siyani in the presence of Commission's DG Investigation, Ajay Bhatnagar.

The delegation was led by Dr. M.K Bharat, Chairman Sanjeevani Sharda Kendra and it submitted a memorandum containing 13 demands.

These demands included justice for the Kashmiri Hindus killed by terrorists, recognition of genocide and massacre of Kashmiri Hindus, their return to their native land with honour and security, rehabilitation, rebuilding of temples and pilgrimage sites, political representation, employment package, security of employees posted in Kashmir, suitable accommodation for employees posted in Kashmir, skill development schemes for KP youth, distress sale of property should be stopped and opening of Sharda Mata temple corridor.

The NHRC Chairperson assured that the demands of the community shall be positively recommended to the concerned quarters.

The delegation included Shiban Khaibari, Vikas Raina, Pyare Lal Bhat, Sandeep Pandita and Maharaj Krishan Bhat.

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DAINIK BHASKAR, Fazilka, 24.10.2024
Page No. 4, Size:(7.30)cms X (7.74)cms.

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने सरकारी अस्पताल का किया निरीक्षण

# साफ-सफाई, स्टाफ की कमी और सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं





फाजिल्का के सिविल अस्पताल की जांच करती राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम।

भास्कर न्यूज | फाजिल्का

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक टीम ने बुधवार को फाजिल्का के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। जिसमें कई गंभीर कमियां सामने आई हैं।

टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. एससी पंत ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल की सफाई व्यवस्था, स्टाफ की कमी, और सुरक्षा के अभाव को लेकर चिंता व्यक्त की। डॉक्टर पंत ने बताया कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य फाजिल्का के जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के योग्य बनाना है।

इस दिशा में अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, शौचालय और अन्य स्थानों का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। शौचालयों में गंदगी और अन्य स्थानों पर भी साफ-सफाई की कमी नजर आई। इसके साथ ही, अस्पताल में स्टाफ की भी कमी है, मरीजों की देखभाल और उपचार में बाधा डाल रही है।

डॉ. पंत ने कहा कि स्टाफ की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अस्पताल में सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल परिसर में कोई भी सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। डा. पंत ने कहा कि उनकी टीम इस निरीक्षण के आधार पर अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपेगी। रिपोर्ट में जहां-जहां कमियां पाई गई हैं, उनके सुधार के लिए सुझाव दिए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब फाजिल्का का सरकारी अस्पताल राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के लिए योग्य होगा, तब इसे यह प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के लिए छह महीने का समय निर्धारित किया गया है।

DAINIK BHASKAR, Muzafarpur, 24.10.2024
Page No. 8, Size:(10.73)cms X (16.81)cms.

# किडनी कांड : एनएचआरसी में अवमानना वाद दायर

**मुजफ्फरपुर|** झोलाछाप डॉक्टरों के कारण दोनों किडनी गंवाने से मरी सुनीता के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर किया गया है। मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने वाद दायर किया है। अधिवक्ता ने कहा कि सुनीता की मौत सरकार की लापरवाही का नतीजा है। आयोग ने सरकार को आदेश दिया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनीता की किडनी ट्रांसप्लांट कराने की दिशा में कदम उठाए। लेकिन, आयोग के आदेशों का पालन सरकार ने नहीं किया। इस कारण सुनीता को अपनी जान गंवानी पड़ी। सकरा की बरियारपुर निवासी सुनीता की मौत बीते 21 अक्टूबर को एसकेएमसीएच में हो थी। आयोग ने बीते अप्रैल में बिहार सरकार को आदेश दिया गया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनीता की किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कदम उठाए। अगले माह अवमाननावाद पर आयोग में सुनवाई हो सकती है। इसके बाद अधिवक्ता एसके झा स्थिति से आयोग को अवगत कराएंगे।

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DAINIK JAGRAN, Muzaffarpur, 24.10.2024
Page No. 4, Size:(5.37)cms X (7.78)cms.

# मानवाधिकार आयोग के पास पहुंचा सुनीता की मौत का मामला

**अधिवक्ता ने इस बार आयोग में दायर किया अवमाननावाद**
**मानवाधिकार आयोग के आदेश का नहीं हुआ था पालन**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : सिस्टम की शिकार होकर पहले अपनी किडनी और फिर जान गंवाने वाली सुनीता का मामला एक बार फिर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंचा है। अधिवक्ता एसके झा ने इस बार आयोग में अवमाननावाद दायर किया है। आरोप लगाया कि सिस्टम की जाल में फंसकर सुनीता की जान चली गई। दो साल में भी उसके लिए किडनी का इंतजाम नहीं हुआ।

इस मामले के आरोपी को पुलिस खोज नहीं पाई। अवमाननावाद पर अधिवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार मानवाधिकार के प्रति सजग नहीं है। आयोग ने सरकार को आदेश दिया गया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर एसकेएमसीच में भर्ती सुनीता को किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कदम उठाएं, लेकिन आयोग द्वारा दिए गए आदेश का पालन नहीं किया गया। सरकार समय पर सही तरीके से कदम उठाती तो सुनीता की जान बच सकती थी। कहा कि यह मामला रेयर है। झोलाछाप डाक्टर ने गर्भाशय के आपरेशन के नाम पर उसकी किडनी निकाल दी। उसके बाद वह लंबे समय तक एसकेएमसीएच में रही। किडनी का इंतजाम नहीं हो सका। उसका इलाज भी देश के बड़े अस्पताल में नहीं किया गया। 21 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। कहा कि इस मामले में वह सुनीता को न्याय दिलाने के लिए पहल कर रहे हैं। अब आयोग इस पर फिर से सुनवाई करेगा। उम्मीद है कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले को चिह्नित कर कार्रवाई होगी।

# आयोग के मानीटर ने वन स्टाप सेंटर का किया दौरा

जागरण संवाददाता, पटना : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मानिटर डा. योगेश दुबे ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास निगम के 181 महिला हेल्पलाइन वन स्टाप सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिला अधिकारों और सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के प्रयासों की समीक्षा की।

डा. दुबे ने पटना सभागार भवन में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में भी भाग लिया, जिसमें राज्य के 38 जिलों के केंद्र प्रशासक, जिला मिशन समन्वयक और जेंडर विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यशाला का विषय घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 था, जिसमें घरेलू हिंसा की रोकथाम और पीड़ितों को

**अधिकारियों ने महिला एवं बाल विकास निगम के 181 महिला हेल्पलाइन वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण**

सहायता प्रदान करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर, डा. दुबे ने प्रतिभागियों से मिशन शक्ति के कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों के बारे में जानकारी ली और वन स्टाप सेंटर पर प्राप्त शिकायतों की प्रकृति तथा समाधान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी मांगी।

वहीं डा दुबे ने महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी कोशिशों को और मजबूत करें।




वन स्टाप सेंटर में समाधान प्रक्रिया की जानकारी लेते राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मानीटर डा. योगेश दुबे ● जागरण

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

PRABHAT KHABAR, Muzaffarpur, 24.10.2024
Page No. 3, Size:(28.15)cms X (6.57)cms.

# सुनीता किडनी कांड मामले में एनएचआरसी में अवमानना वाद दायर

**मुजफ्फरपुर.** जिले के चर्चित किडनी कांड मामले में पीड़िता सुनीता की मौत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर किया गया है. यह वाद मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा के द्वारा दायर कराया गया है.कहा कि बिहार सरकार मानवाधिकार के प्रति सजग नहीं है. सुनीता की मौत सरकार की लापरवाही का नतीजा है. माननीय आयोग के द्वारा बिहार सरकार को आदेश दिया गया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर बिहार सरकार, पीड़िता सुनीता को किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कदम उठाये. लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया, जिस कारण सुनीता को अपनी जान गंवानी पड़ी. बता दें कि किडनी कांड की पीड़िता सुनीता की मौत 21 अक्तूबर को हो गयी थी.

HINDUSTAN, Muzaffarpur, 24.10.2024
Page No. 4, Size:(5.89)cms X (5.16)cms.

# मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर

## किडनी कांड

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** किडनी कांड पीड़िता सुनीता की मौत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर किया गया है। अधिवक्ता एसके झा ने अवमानना वाद में सरकार पर मानवाधिकार के प्रति सजग नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सुनीता की मौत लापरवाही का नतीजा है।

आयोग ने आदेश दिया था कि सुनीता की किडनी प्रत्यारोपित कराने की दिशा में उच्च प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाए जाएं। लेकिन, आयोग के आदेश का पालन नहीं हुआ। किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण बीते 21 अक्टूबर को एसकेएमसीएच में भर्ती सुनीता की मौत हो गई।

BHASKAR, Online, 24.10.2024
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

# फाजिल्का पहुंची राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम:सरकारी अस्पताल का किया निरीक्षण, सफाई-स्टाफ समेत अनेक कमियां मिली

https://www.bhaskar.com/local/punjab/fazilka/news/fazilka-national-human-rights-commission-teamcivil-hospital-inspection-133851085.html

फाजिल्का16 घंटे पहले

फाजिल्का में बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक टीम पहुंची। इस टीम ने सरकारी अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व कर रहे डा. एस सी पंत ने कहा कि अस्पताल में दौरे दौरान सफाई व्यवस्था में जहां कमी पाई गई है। वहीं स्टाफ की कमी है और सुरक्षा का भी कोई प्रबंध नहीं है। जिसके चलते उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

डा. एस सी पंत ने बताया कि फाजिल्का के जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण योग्य बनाने के लिए वह फाजिल्का के जिला सरकारी अस्पताल का दौरा करने के लिए आए हैं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, शौचालय और अन्य स्थानों का दौरा किया है। सफाई में कमी पाई गई है। स्टाफ की बहुत बड़ी कमी है। सबसे बड़ी कमी सुरक्षा की भी है। कोई भी सुरक्षा कर्मी यहां पर मौजूद नहीं है।

**अस्पताल को मिलेगा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र**

उन्होंने कहा कि, रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। जहां पर कमियां हैं उनको सही करने के लिए सुझाव दिए जाएंगे और जब फाजिल्का का सरकारी अस्पताल राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के योग्य होगा। तब इसे राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। इस काम के लिए 6 महीने का समय निश्चित किया गया है।

BHASKAR, Online, 24.10.2024
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

# किडनी कांड : एनएचआरसी में अवमानना वाद दायर

https://www.bhaskar.com/local/bihar/muzaffarpur/news/kidney-scandal-contempt-case-filed-in-nhrc-133853979.html

मुजफ्फरपुर3 घंटे पहले

मुजफ्फरपुर। झोलाछाप डॉक्टरों के कारण दोनों किडनी गंवाने से मरी सुनीता के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अवमानना वाद दायर किया गया है। मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने वाद दायर किया है। अधिवक्ता ने कहा कि सुनीता की मौत सरकार की लापरवाही का नतीजा है। आयोग ने सरकार को आदेश दिया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनीता की किडनी ट्रांसप्लांट कराने की दिशा में कदम उठाए। लेकिन, आयोग के आदेशों का पालन सरकार ने नहीं किया। इस कारण सुनीता को अपनी जान गंवानी पड़ी। सकरा की बरियारपुर निवासी सुनीता की मौत बीते 21 अक्टूबर को एसकेएमसीएच में हो थी। आयोग ने बीते अप्रैल में बिहार सरकार को आदेश दिया गया था कि उच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनीता की किडनी प्रत्यारोपित करने की दिशा में कदम उठाए। अगले माह अवमाननावाद पर आयोग में सुनवाई हो सकती है। इसके बाद अधिवक्ता एसके झा स्थिति से आयोग को अवगत कराएंगे।

(Manipur news)

# Imphal कुकी समूह ने प्रधानमंत्री और एनएचआरसी से मणिपुर में हस्तक्षेप की अपील की

https://samacharnama.com/city/imphal/imphal-kuki-group-urges-pm-nhrc-to-intervene-in-manipur/cid15581657.htm

By Local DeskOct 23, 2024, 19:00 IST

इम्फाल न्यूज़ डेस्क ।। 22 अक्टूबर (पीटीआई) कुकी समूहों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय **मानवाधिकार आयोग** को पत्र लिखकर मणिपुर में संघर्ष की स्थिति को कम करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है, जो पिछले साल से जातीय हिंसा से त्रस्त है। कुकी मानवाधिकार संगठन (कोहूर) ने अपने पत्र में मैतेई लोगों पर आदिवासी भूमि हड़पने के लिए "बहुसंख्यक उत्पात" शुरू करने का आरोप लगाया है। "यह न तो पहली बार है और न ही आखिरी बार होगा; आदिवासी लोगों के संवैधानिक संरक्षण और मानवाधिकारों का बार-बार उल्लंघन और दुरुपयोग किया गया है," इसने कहा। पत्र में पूर्वोत्तर राज्य में हिंसक घटनाओं पर कई समाचार क्लिपिंग और रिपोर्ट भी शामिल थीं। कुकी समूह ने एनएचआरसी से मणिपुर राज्य सरकार और बहुसंख्यक मैतेई जातीय सफाई नरसंहार को रोकने और अल्पसंख्यक कुकी-ज़ो आदिवासी समुदाय को पूर्ण विनाश से बचाने के लिए मणिपुर में "दयालु और सहानुभूतिपूर्ण हस्तक्षेप" करने का आग्रह किया। कोहूर ने कहा, "वर्तमान राज्य प्रायोजित मीतेई युद्ध न केवल मानव-विरोधी और आदिवासी-विरोधी है, बल्कि संविधान-विरोधी और राष्ट्र-विरोधी भी है, और आपके हस्तक्षेप से निश्चित रूप से उन्हें आगे बढ़ने से रोकने में मदद मिलेगी।"

JANTA SE RISHTA, Online, 24.10.2024
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

(Jammu News )

# मानवाधिकार मंच ने NHRC अध्यक्ष से मुलाकात की

https://jantaserishta.com/local/jammu-and-kashmir/human-rights-forum-meets-nhrc-chairperson-3602417

Triveni23 Oct 2024 8:18 PM

JAMMU जम्मू: फोरम फॉर ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस की स्थानीय इकाई के सदस्यों ने आज राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग National Human Rights Commission, एनएचआरसी की अध्यक्ष विजया भारती सयानी से मुलाकात की और जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों पर चर्चा की और उन्हें मौजूदा हालात से अवगत कराया। इस अवसर पर आयोग के डीजी जांच अजय भटनागर भी मौजूद थे। फोरम के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता एसएस नंदा, एडवोकेट राकेश चरगोत्रा, एडवोकेट सुनील मल्होत्रा, एडवोकेट दिवाकर शर्मा, एडवोकेट रोहन नंदा, एडवोकेट दीपक शर्मा, एडवोकेट चेतन प्रभाकर और एडवोकेट कर्ण पराशर सहित अन्य अधिवक्ता शामिल थे।

फोरम के सदस्यों ने **एनएचआरसी** की राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया कि जम्मू-कश्मीर Jammu and Kashmir में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्याएं मानवाधिकारों का सीधा उल्लंघन हैं। इस संदर्भ में फोरम ने दो दिन पहले गंदेरबल में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया जिसमें 7 लोग मारे गए थे। इसके अलावा मंच ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का ध्यान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कारण अपने वतन से विस्थापित हुए कश्मीरी हिंदुओं, जम्मू के विस्थापितों और तलवारा के विस्थापितों की सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी की ओर भी आकर्षित किया। आयोग की अध्यक्ष विजया भारती सयानी ने मंच के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

(Jammu News )

# Jammu Kashmir: कश्मीरी हिंदू विस्थापितों ने एनएचआरसी से की मुलाकात, 13 सूत्रीय मांगें पूरी करने की मांग

https://www.amarujala.com/jammu/jammu-kashmir-kashmiri-hindu-displaced-people-met-nhrc-demanded-fulfillment-of-13-point-demands-2024-10-23?pageId=2

Updated Wed, 23 Oct 2024 05:21 PM IST

कश्मीरी हिंदू विस्थापितों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को ज्ञापन सौंपा, जिसमें जन्मभूमि पर वापसी, सुरक्षा और सम्मान की मांग की गई, नरसंहार पीड़ितों को शहीद का दर्जा देने की मांग भी शामिल है।

कश्मीरी हिंदू विस्थापितों के शिष्टमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की अध्यक्षा विजया भारती सियानी से मिला। इसका नेतृत्व केंद्र के अध्यक्ष डॉ. एमके भरत ने किया। शिष्टमंडल ने कश्मीरी हिंदू विस्थापित समाज को विगत तीन दशकों से पेश आ रही दिक्कतों से अवगत करवाते हुए 13 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने कहा कि नरसंहारों में मारे गए 1400 से अधिक लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें कट्टर भारतीय और हिंदू होने के कारण आतंकवादियों ने मार डाला था। उन्होंने कहा कि कश्मीरी हिंदुओं की सम्मान और सुरक्षा के साथ अपनी जन्मभूमि पर वापसी होनी चाहिए।

शिष्टमंडल ने कश्मीर में तैनात कर्मचारियों की सुरक्षा ग्रिड को गंभीरता से दुरुस्त करने की जरूरत पर भी जोर दिया। शिष्टमंडल ने कश्मीरी हिंदू विस्थापित युवाओं के लिए सांस्कृतिक और विरासत को जानने के लिए यात्राओं के आयोजन और शारदा माता का गलियारा करतारपुर साहिब गलियारे की तर्ज पर स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शारदा माता मंदिर सभी कश्मीरी हिंदुओं द्वारा पूजनीय है, पीओजेके में शारदा मंदिर के रूप में इस महान शिक्षण स्थल के अवशेष पाकिस्तानी सेना द्वारा नष्ट किए जाने के कगार पर हैं।

इस मंदिर के लिए श्री करतारपुर साहिब गलियारे जैसा ही एक गलियारा बनाया जाए ताकि समुदाय इस प्रतिष्ठित विरासत को पुनर्जीवित और संरक्षित कर सके और मंदिर में अपनी श्रद्धा भी प्रकट कर सके। आयोग के डीजी इन्वेस्टिगेशन अजय भटनागर उपस्थित थे। शिष्टमंडल के अन्य सदस्यों में शिबन खैबरी, विकास रैना, प्यारे लाल भट्ट, प्रो.संदीप पंडिता और महाराजा कृष्ण भट्ट भी शामिल थे।
जिला डोडा विस्थापित वेल्फेयर कमेटी के शिष्टमंडल ने एनएचआरसी की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी से भेंट कर विस्थापित परिवारों को पेश आ रही दिक्कतों से अवगत करवाया। शिष्टमंडल में शामिल विस्थापित वेल्फयेर कमेटी के सदस्यों ने 8 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल का नेतृत्व चेयरमैन कौशल शर्मा ने किया।

उन्होंने बताया कि पुराने डोडा जिले के विस्थापितों को जम्मू विस्थापितों के नाम से भी जाना जाता है।

विस्थापित अपने पैतृक गांवों अथवा स्थानों में जाने को तैयार हैं, बशर्ते उनको बुनियादी सुविधाएं मिले।अदिति सेवा प्रतिष्ठान के संगीता फाटक कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन विजया भारती सयानी के करकमलों द्वारा भारतीय विद्या मंदिर, मुख्य बाजार, पुराने टेलीफोन एक्सचेंज के पास, वार्ड नंबर 10, उधमपुर में हुआ। सयानी ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाना है तो जॉब करने वाले नहीं, जॉब देने वाले बढ़ने चाहिए।
रियासी जिले के तलवाड़ा स्थित विस्थापित कैंप में रहने वाले विस्थापितों के शिष्टमंडल ने **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी)** की कार्यवाहक अध्यक्षा विजया भारती सियानी से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। इस शिष्टमंडल में रियासी जिले के प्राणकोट, नरकोट, टक्कीकोट, कैंतीचोरा, बलाड, थिल्लों, बहरनाली, कालावन आदि इलाकों के तलवाड़ा में रहने वाले विस्थापित शामिल थे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के डीजी इन्वेस्टिगेशन अजय भटनागर भी उपस्थित थे।फोरम फॉर ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस की स्थानीय इकाई के सदस्यों ने जम्मू कश्मीर में मानवाधिकारों पर चर्चा करते हुए उन्हें वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। फोरम के इस शिष्टमंडल में जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट नंदा समेत अन्य एडवोकेट भी शामिल थे।

DAILY EXCELSIOR, Online, 24.10.2024
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

(Jammu News )

# Delegation of displaced Kashmiri Hindus meets Chairperson NHRC

